प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 मंगलवार दिनांक 05.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—

1— नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह का कल होगा समापन—उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल।

2— राज्य सरकार ने की राज्य अलंकरण सम्मान की घोषणा—विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चार संस्थाओं और अड़तीस व्यक्तियों का किया जाएगा सम्मान।

3— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने पांच किलो का आईईडी बरामद किया।

4— नहाय—खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व।

..............................................................

राज्योत्सव—समापन

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह का कल समापन होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे। इस दौरान वे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों और संस्थाओं को सम्मानित करेंगे।

वहीं, आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में एकदिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद और विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा आयोजन स्थल पर राज्य सरकार की योजनाओं पर केंद्रित स्टॉल लगाए गए हैं।

..............................................................

राज्य अलंकरण—घोषणा

राज्योत्सव के समापन अवसर पर दिए जाने वाले राज्य अलंकरण और सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार संस्थाओं और अड़तीस व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा।

आज रायपुर में पत्रकारवार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि राज्य शासन के सोलह विभागों द्वारा छत्तीस अलंकरण, सम्मान और पुरस्कार दिए जाएंगे। श्री साव ने बताया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल छह नवंबर को नवा रायपुर में राज्योत्सव के समापन समारोह में ये पुरस्कार और सम्मान प्रदान करेंगे।

(सम्मानित किए जाने वालों में हितवाद के समाचार संपादक मुकेश एस. सिंह को मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, प्रिंट मीडिया के पत्रकार भोलाराम सिन्हा और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मोहन तिवारी को "चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्देशक सतीश जैन और छत्तीसगढ़ फिल्म अभिनेता और निर्देशक प्रकाश अवस्थी को "किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, अतुल जैन को रचनात्मक लेखन और हिंदी भाषा के प्रचार—प्रसार के लिए "पंडित माधवराव सप्रे राष्ट्रीय रचनाकार सम्मान", स्थानीय बोली को बढ़ावा देने के लिए डॉक्टर पी.सी. लाल यादव को "लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार", लोक संगीत के क्षेत्र में दुष्यन्त कुमार हरमुख को ''खुमान साव सम्मान'' और लोकगीत को बढ़ावा देने के लिए निर्मला ठाकुर को "लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान" दिया जाएगा। इसके अलावा पंथी नृत्य और लोक कला के क्षेत्र में साधेलाल रात्रे और भगत गुलेरी को "देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार", आनंद कुमार पांडे को "छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान", रामनरेश यादव को अपराध अनुसंधान के क्षेत्र में "पंडित लखनलाल मिश्र सम्मान" और सुरेंद्र कुमार राठौर, शोभा सिंह तथा ललित कुमार नायक को "स्वर्गीय महाराजा रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार" से सम्मानित किया जाएगा।

बुटलूराम माथरा को आदिवासी सामाजिक चेतना के लिए शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति सम्मान, विनोद दास को मत्स्य पालन के क्षेत्र में "श्रीमती बिलासादेवी केवट मत्स्य विकास पुरस्कार", हिंदी साहित्य के क्षेत्र में सत्यभामा आडिल को "पंडित सुंदरलाल शर्मा सम्मान", शास्त्रीय संगीत और नृत्य के क्षेत्र में पंडित सुधाकर रामभाऊ शेवलीकर को "चक्रधर सम्मान", लोक नाट्य और लोक शिल्प के क्षेत्र में पंडीराम मंडावी को "दाऊ मंदराजी सम्मान", कृषि के क्षेत्र में शिवकुमार चंद्रवंशी और खेमराज पटेल को "डॉक्टर खूबचंद बघेल कृषक रत्न सम्मान" और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में सियाराम अग्रवाल को ''महाराजा अग्रसेन सम्मान'' दिया जाएगा। वहीं, सुरेंद्र तिवारी और प्रकाश चंद्र पंत को कानून के क्षेत्र में "बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान", अदिति कश्यप को "वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार", चित्ररेखा सिन्हा को "माता बहादुर कलारिन सम्मान",

पन्नालाल देवांगन और बहोरी लाल देवांगन को "स्वर्गीय बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार", सत्यनारायण देवांगन और अरुण मेहर को "राज राजेश्वरी करुणामाता हथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार" से सम्मानित किया जाएगा। दलित उत्थान के लिए राजेन्द्र रंगीला को गुरू घासीदास सम्मान, शशिकांत द्विवेदी को ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार, खेल के क्षेत्र में विकास कुमार को महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टर मनोहर लाल लहेजा को धनवंतरी सम्मान और सुभाषचंद्र अग्रवाल को दानवीर भामा शाह सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण के लिए सतनामी महिला जागृति समिति को "मिनीमाता सम्मान", मनोहर गौशाला खैरागढ़ को "यति यतनलाल सम्मान", अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम जशपुर को सामाजिक, शिक्षा और आर्थिक क्षेत्र में असाधारण कार्यों के लिए "पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान" और रायपुर के छत्तीसगढ़ी आदिवासी कल्याण संस्थान को "डॉक्टर भंवरसिंह पोर्ते आदिवासी सेवा सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा।)

..................................................................

होम वोटिंग–सुविधा

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के तहत आज से होम वोटिंग की सुविधा शुरू हो गई है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट परिसर से होम वोटिंग के लिए मतदान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपचुनाव के लिए चार अलग–अलग मतदान रथ रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में जाकर होम वोटिंग कराएंगे। मतदान रथ के माध्यम से पचासी से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान दल को आज मतदान सामग्री का वितरण किया गया। होम वोटिंग की सुविधा सात नवंबर तक रहेगी।

..................................................................

आईईडी–बरामद

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने पांच किलो का आईईडी बरामद किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि डीआरजी,  सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम सावनार से कोरचोली की ओर गश्त पर निकली थी। इस दौरान माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाया गया आईईडी बरामद किया गया। बम निरोधक दस्ते की टीम ने आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

................................................................

<u>जशपुर–गोलीकांड</u>

जशपुर जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र के बटईकेला गांव में आज दो अज्ञात हमलावरों ने लूट की नीयत से कियोस्क ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक और उसकी दादी पर गोली चला दी।

................................................................

<u>आरबीआई–क्विज</u>

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आज रायपुर में राज्य स्तरीय आरबीआई–नाइंटी क्विज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. शामिल हुए। उन्होंने क्विज के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस क्विज प्रतियोगिता में अंडर ग्रेजुएट विद्यार्थियों ने भाग लिया।

................................................................

<u>छठ–पर्व</u>

चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत आज नहाय–खाय के साथ हुई। छठ महापर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कल छह नवंबर को लोहंडा और खरना होगा। वहीं, सात नवंबर को संध्या अर्ध्य और आठ नवंबर को उषा अर्ध्य के साथ छठ महापर्व का समापन होगा। उन्होंने बताया कि सात नवंबर को रायपुर के महादेवघाट में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ ही बाहर से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसी दिन महादेवघाट पर महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छठ पूजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

................................................................

<u>अंबेडकर अस्पताल–आगजनी</u>

राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल के तीसरी मंजिल स्थित हड्डी रोग विभाग में आज दोपहर आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार आग ऑपरेशन थियेटर में लगी। आग लगने के बाद ऑपरेशन थिएटर की जालियों को काटकर मरीजों को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने का कारणों का पता नहीं चल पाया है।

.................................................................

संसद शीतकालीन सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र पच्चीस नवंबर से शुरू होगा, जो बीस दिसंबर तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि संविधान को अपनाने की पचहत्तरवीं वर्षगांठ छब्बीस नवंबर को संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में मनाई जाएगी।

.................................................................

संक्षिप्त समाचार–01

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मुलाकात कर उन्हें ऑल इंडिया रोड कांग्रेस के आठवें अधिवेशन के लिए आमंत्रित किया।

– राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज रायपुर में डिजिटल जनरल क्रॉप एस्टिमेशन सर्वे के सुपरविजन मॉड्यूल के वेब–मोबाइल एप्लीकेशन पर एकदिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन किया गया।

– बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने जगदलपुर में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के सभी पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

– कोरबा स्थित एनटीपीसी और एसईसीएल ने तेरह मिलियन मीटरिक टन राख को बंद खदानों में भरने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

– कोरबा जिले के पाली विकासखंड के अंतर्गत उतरदा गांव में संचालित शासकीय विद्यालय में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने बच्चों को नाश्ता वितरित कर 'नाश्ता योजना' का शुभारंभ किया।

– कोल इंडिया के पचासवें स्थापना दिवस के अवसर पर कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में कॉर्पोरेट अवार्ड श्रेणी के तहत कोरबा स्थित एसईसीएल को पुनर्वास और पुर्नस्थापन के लिए पहला और वे–ब्रिज ऑटोमेशन की पहल के लिए दूसरा पुरस्कार मिला है।

–	जांजगीर–चांपा जिले में मितानिनों ने प्रोत्साहन राशि और क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिलने पर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

................................................................

संक्षिप्त समाचार–02

–	जांजगीर–चांपा में सिटी कोतवाली पुलिस ने जमीन रजिस्ट्री के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी रामविलास कश्यप को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पहले भी तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

–	सारंगढ़ जिले में करंट की चपेट में आने शिक्षक की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>